Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**Series RKM/2**

Code No. **4/2/1**
कोड नं.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 17 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

# HINDI
# हिन्दी
# (Course B)
# (पाठ्यक्रम ब)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks: 100*

***निर्देश :*** *(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खण्ड हैं — क, ख, ग और घ।*

*(ii) चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।*

*(iii) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए।*

## खण्ड क

**1.** (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो में संधि कीजिए : 2

सदा + एव, पूर्ण + इन्दु, अभि + उत्थान।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का संधि-विच्छेद कीजिए : 2

धनादेश, अत्यन्त, शीतोदक।

**2.** (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के समस्त पद बनाइए और समास का नाम भी लिखिए : 2

जल की धारा, नीला जो गगन, जल और थल।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पदों का विग्रह कीजिए और समास का नाम लिखिए : 2

पीताम्बर, प्रतिक्षण, पाठशाला।

**3.** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

(क) आकाश में कितने तारे चमकते हैं ! (रेखांकित में से किन्हीं दो के पद-भेद लिखिए) 2

(ख) (i) पुत्र, श्रीमान्। (लिंग बदलकर लिखिए) 1

(ii) वह बहुत अच्छा चित्र लगता है। (रेखांकित का वचन बदलकर पूरा वाक्य लिखिए) 1

(iii) इस वर्ष परीक्षा के लिए उसकी अच्छी तैयारी है। (रेखांकित का कारक बताइए) 1

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं ***दो*** में वाच्य-परिवर्तन कीजिए : 2

(i) कंबल बाँटे जा रहे हैं। (कर्तृवाच्य में)

(ii) रेखा चल नहीं सकती। (भाववाच्य में)

(iii) कवियों ने सुंदर कविताएँ लिखी हैं। (कर्मवाच्य में)

**4.** (क) रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए : 2

(i) वह किताब मुझसे खो गई, जो तुमने मुझे दी थी।

(ii) श्याम मेरा पड़ोसी है।

(ख) अर्थ के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए : 2

(i) आधुनिक युग विज्ञान का युग है।

(ii) वे यहाँ से क्यों चले गए ?

(ग) निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए : 2

(i) गाँव में बाढ़ आई। जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। (सरल वाक्य में)

(ii) मुख्य अतिथि मंच पर पधारे। उत्सव प्रारंभ हो गया। (मिश्र वाक्य में)

(घ) वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : 2

(i) मेरे को वह किताब लेनी है।

(ii) कृपया आप बैठने की कृपा करें।

(ङ) उपयुक्त विराम-चिह्न लगाइए : 2

आचार्य शुक्ल ने लिखा है श्रद्धा हमारी वह मनोवृत्ति है जो निष्ठा भक्ति विश्वास तीनों से मुक्त होकर किसी पूज्य या बड़े की ओर उन्मुख होती है

## खण्ड ख

**5.** संकेत-बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी **एक** पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 7

(क) **दूरदर्शन**

(i) उपयोगिता

(ii) व्यापक प्रसार

(iii) दुरुपयोग

(iv) नए कार्यक्रम

(v) दूरदर्शन का भविष्य

(ख) **शिक्षक-दिवस**

(i) मानने का कारण

(ii) समाज में शिक्षक की विशिष्ट भूमिका

(iii) मनाने के विविध ढंग

(iv) मेरे विचार में ऐसे मनाया जाए

(v) शिक्षक-दिवस का संदेश

**6.** एफ-64, साकेत-निवासी आपका मित्र राहुल ग्रीष्मावकाश में आपके साथ शिमला जाना चाहता है; उसे अपनी सहमति देते हुए पत्र लिखिए। 8

**अथवा**

प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर माध्यमिक परीक्षा के बोर्ड परीक्षाफल का लब्धांक-पत्र डाक से भेजने का अनुरोध कीजिए।

## खण्ड ग

**7.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

किसी अन्य व्यक्ति की प्राण रक्षा के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग कर देने वाला ही सच्चे अर्थों में मनुष्य कहे जाने का अधिकारी है। परमार्थ में ही जीवन की सार्थकता है। स्वयं अपने लिए जीना अपनी तृषा और बुभुक्षा की तृप्ति-मात्र के लिए जीवित रहना तो पाशविक जीवन पद्धति है। मानव-जन्म की सार्थकता केवल क्षुधा-पूर्ति ही नहीं वरन् परहित के लिए बड़े से बड़ा त्याग करना ही है — परमार्थ ही एक ऐसा गुण है जो मानव को पशुओं की कोटि से अलग करता है। मनुष्य को सृष्टि की समस्त श्रेष्ठतर कही जाने वाली संवेदनाओं से युक्त प्राणी माना गया है। यदि मानव-योनि में आकर भी वह क्षुद्र स्वार्थों में लिप्त रहकर जीवन बिताए तो उसके जीवित रहने को धिक्कार है।

(i) उपर्युक्त पद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

(ii) सच्चे अर्थों में मनुष्य कहलाने का अधिकारी कौन है और क्यों है ? 1

(iii) मनुष्य और पशुओं की जीवन-शैली में क्या समानता और भिन्नता है ? 1

(iv) 'संवेदनाओं से युक्त' होने का आशय स्पष्ट कीजिए। 1

(v) किस तरह के जीवन को धिक्कारा गया है और क्यों ? 1

**8.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

संघर्ष से हटकर जिए तो क्या जिए हम या कि तुम।<br>
जो नत हुआ, वह मृत हुआ, ज्यों वृंत से झरकर कुसुम।<br>
जो लक्ष्य भूल रुका नहीं,<br>
जो हार देख झुका नहीं,<br>
जिसने प्रणय पाथेय माना जीत उसकी ही रही।<br>
ऐसा करो जिससे न प्राणों में कहीं जड़ता रहे।<br>
जो है जहाँ चुपचाप अपने-आप से लड़ता रहे।<br>
जो भी परिस्थितियाँ मिलें,<br>
काँटे चुभें, कलियाँ खिलें,<br>
हारे नहीं इंसान, है संदेश जीवन का यही।

(i) झड़े हुए फूल से किसकी तुलना की गई है और क्यों ? 1

(ii) जीवन में संघर्ष क्यों आवश्यक है ? 1

(iii) अपने-आप से लड़ने का क्या आशय है ? 1

(iv) कवि के अनुसार जीवन का संदेश क्या है ? 1

(v) उन पंक्तियों को लिखिए जिनका आशय है — जो हार की चिंता न कर प्रेम के सहारे आगे बढ़ता है, वही सफल होता है। 1

## खण्ड घ

**9.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2+2+2=6

''कोई क़ातिल है। किसी को सजा होनी है। सवाल है — किसको सज़ा होनी है ? पुलिस के लिए यह सवाल इतना महत्त्व नहीं रखता जितना यह सवाल कि जुर्म किस पर साबित हो सकता है या किस पर साबित होना चाहिए। क़त्ल हुआ है, तो किसी मनुष्य को सज़ा होगी ही ? मारने वाले को होती है, या बेक़सूर को, यह अपने सोचने की बात नहीं। मनुष्य-मनुष्य सब बराबर हैं। सबमें उसी परमात्मा का अंश है। हम भेदभाव नहीं करते। यह पुलिस का मानवतावाद है।''

(क) उपर्युक्त कथन किसका है और किस संदर्भ में प्रस्तुत किया गया है ?

(ख) पुलिस के लिए कौन-सा प्रश्न महत्त्वपूर्ण है और क्यों ?

(ग) उपर्युक्त गद्यांश में पुलिसिया जाँच-पड़ताल के तौर-तरीकों पर क्या व्यंग्य किया गया है ?

**अथवा**

''भाई साहब मैं हिन्दुस्तानी हूँ। हमारा अपना एक निजी रहन-सहन है। शायद इससे आप परिचित नहीं हैं। जिस लड़के का आपने नाम लिया, वह मेरे पसीने की कमाई, मेरा खून है और मेरे बेटे से भी अधिक प्यारा है। इसमें और मुझमें फ़रक ही कुछ नहीं है।

(क) 'हमारा अपना एक निजी रहन-सहन है' का क्या तात्पर्य है ?

(ख) बेटे से भी अधिक कौन प्यारा होता है और क्यों ?

(ग) गुरु-शिष्य सम्बन्धों की भारतीय परंपरा क्या है ?

**10.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4+4 = 8

(क) ''क़ब्रिस्तान में पंचायत'' पाठ के लेखक को पंचायत का कौन-सा पहलू दिलचस्प लगा और क्यों ?

(ख) महादेवी जी के साथ लेखक की आत्मीयता होने के क्या कारण थे ? यह आत्मीयता किन-किन प्रसंगों पर दिखाई देती थी ? 'उत्सवधर्मी महादेवी' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) मित्र के घर ठहरने के दौरान मलिक जी ने कौनसा जीवन-मंत्र प्राप्त किया था ? उस मंत्र का आप अपने जीवन में क्या महत्त्व समझते हैं ? 'मनुष्य का भविष्य' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

**11.** स्वराज्यप्राप्ति के सम्बन्ध में बाबा गंगादास के क्या विचार थे ? इस प्रसंग में रानी लक्ष्मीबाई ने जूही से क्या कहा था ? 'स्वराज्य की नींव' एकांकी के आधार पर लिखिए। 6

**अथवा**

विधान बाबू द्वारा पादुका-पूजन का कार्यक्रम क्यों किया गया ? इसके पीछे उनकी कौनसी भावनाएँ छिपी थीं ? उचित कारण बताते हुए 'पादुका पूजन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**12.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+2+2=5

तू अकेला ही नहीं है
जो अकेला चल रहा है,
और तलुवों के तले भी
यह धरातल जल रहा है।
और हैं साथी जिन्हें तूने न देखा है न जाना,
सामने है एक ही, लेकिन दिशाएँ और भी हैं।

(i) कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ii) तलुवों के तले धरातल के जलने से कवि का क्या आशय है ?

(iii) 'अन्य दिशाओं' के सन्दर्भ से कवि क्या कहना चाहता है ?

**अथवा**

उड़ गया, अचानक लो, भूधर
फड़का अपार वारिद के पर !
रव-शेष रह गए हैं निर्झर !
है टूट पड़ा भू पर अंबर !
धँस गए धरा के सभय शाल !
उठ रहा धुआँ, जल गया ताल !

(i) कवि और कविता का नामोल्लेख कीजिए।

(ii) बादल के घिरने का पर्वत, निर्झर और शाल के वृक्षों पर क्या प्रभाव पड़ा ?

(iii) 'उठ रहा धुआँ, जल गया ताल' का आशय स्पष्ट कीजिए।

**13.** 'नदी कामधेनु' अथवा 'मातृभूमि' कविता का प्रतिपाद्य लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। 4

**14.** निम्नलिखित काव्यांशों का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 4

कोई देश, तुम्हारी साँसों से जीवित है
और तुम्हारी आँखों से देखा करता है ।

**अथवा**

जड़ चेतन गुन-दोष मय विस्व कीन्ह करतार ।
संत हंस गुन गहहिं पय परिहरि बारि-बिकार ।।

**15.** अच्छे मित्र की क्या पहचान है ? 'मित्र-प्रसंग' कविता के आधार पर लिखिए। 2

**16.** 'कथालोक' भाग-2 के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : 2+2+2 = 6

(क) गंगातट पर सुरबाला भाड़ से क्या बातें कर रही थी ? खेल कहानी के आधार पर लिखिए।

(ख) ''किसी ने ग़लती की है और ये उम्रक़ैद की सज़ा भुगत रहे हैं'' — माँ का यह कथन पिता के लिए कहाँ तक उचित है और क्यों ? 'वारिस' कहानी के आधार पर लिखिए।

(ग) सुरंगनुमा रास्ते का उपयोग कौन लोग किया करते थे और क्यों ? 'पार नज़र के' कहानी के आधार पर लिखिए।

**17.** (क) रमा के दूसरा बेटा होने का समाचार सुनकर बूढ़ी अम्मा के मन का कौन-सा संशय दूर हो गया ? यह भावना बाद में कैसे बदल गई ? 'मजबूरी' कहानी के आधार पर लिखिए। 4

(ख) 'हत्यारों की वापसी' कहानी के आधार पर 'उस व्यक्ति' के चरित्र की चार प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 5

**अथवा**

महाबलिपुरम् के निर्माण में अभ्यास और प्रतिभा की क्या भूमिका थी ? भाववर्मा ने उन्हें क्यों मरवा दिया ? 'प्रतिशोध' कहानी के आधार पर उत्तर दीजिए।